रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of printed pages : 8

112

412 (IIH)

2025

अर्थशास्त्र

ECONOMICS

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 80
[Max. Marks : 80

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड 'अ' तथा 'ब' हैं। दोनों खण्डों के सभी 28 प्रश्न अनिवार्य हैं।

Direction : There are two sections 'A' and 'B' in this question paper. **All** 28 questions of both sections are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 तथा 15 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 4 तथा 16 से 18 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No.1 and 15 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 4 and 16 to 18 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 5 से 8 तथा 19 से 22 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
Question No. 5 to 8 and 19 to 22 are to be answered in about 50 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 9 से 11 तथा 23 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 70 शब्दों में दीजिए।
Question No. 9 to 11 and 23 to 25 are to be answered in about 70 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 12 से 14 तथा 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।
Question No. 12 to 14 and 26 to 27 are to be answered in about 120 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 28 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 28 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

खण्ड – अ (Section — A)

1. (क) निम्नलिखित दोनों कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिये- 1

अभिकथन (A) : अवसर लागत की संकल्पना, अर्थशास्त्र में व्यापक रूप से उपयोग में लायी जाती है।

कारण (R) : अर्थशास्त्र में अवसर लागत के महत्व के कारण इसे आर्थिक लागत भी कहा जाता है।

(i) A तथा R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Read the both given statements and choose the correct option-

Assertion (A) : The concept of opportunity cost is widely used in economics.

Reason (R) : Because of its importance in economics, opportunity cost is also called the economic cost.

(i) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(ii) Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.
(iii) A is correct but R is incorrect.
(iv) Both A and R are incorrect.

(ख) यदि 4 सेबों से 28 इकाई, कुल उपयोगिता प्राप्त होती है और 5 सेबों से 31 इकाई, कुल उपयोगिता प्राप्त होती है तो पाँचवें सेब की सीमान्त उपयोगिता होगी- 1

(i) 28 इकाई (ii) 31 इकाई
(iii) 59 इकाई (iv) 03 इकाई

If 4 apples give 28 units of total utility and 5 apples give 31 units of total utility then the marginal utility of the fifth apple will be-

(i) 28 units (ii) 31 units
(iii) 59 units (iv) 03 units

(ग) एक फर्म द्वारा उपयोग में लाये गये आगतों तथा फर्म द्वारा उत्पादित निर्गतों के मध्य सम्बन्ध कहलाता है- 1

(i) G.D.P. (ii) कुल उत्पादन
(iii) उत्पादन फलन (iv) इनमें से कोई नहीं

The relationship between inputs used by a firm and outputs produced by the firm is called-

(i) G.D.P. (ii) Total Production
(iii) Production function (iv) None of these

(घ) निम्नलिखित दोनों कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिये- 1

अभिकथन (A) : माँग वक्र का ढाल ऋणात्मक होता है।

कारण (R) : ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम बताता है कि वस्तु की प्रत्येक अगली इकाई, कम सीमान्त उपयोगिता प्रदान करती है।

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Read the both given statements and choose the correct option–

Assertion (A) : A demand curve has a negative slope.

Reason (R) : The law of diminishing marginal utility states that, each successive unit of a commodity provides lower marginal utility.

(i) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(ii) Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.
(iii) A is correct but R is incorrect.
(iv) Both A and R are incorrect.

(ङ) $\frac{\text{कुल सम्प्राप्ति में परिवर्तन}}{\text{मात्रा में परिवर्तन}} = ?$ 1

(i) औसत सम्प्राप्ति (ii) कुल लागत
(iii) सीमान्त सम्प्राप्ति (iv) इनमें से कोई नहीं

$\frac{\text{Change in total revenue}}{\text{Change in quantity}} = ?$

(i) Average revenue (ii) Total cost
(iii) Marginal revenue (iv) None of these

2. आधारभूत आर्थिक क्रियाकलापों के दौरान संसाधनों की कमी किस समस्या को जन्म देती है? 1
Which problem is raised by the scarcity of resources during basic economic activities?

3. कौन सा अनधिमान वक्र, उपयोगिता के उच्च स्तर को प्रदान करता है? 1
Which indifference curve gives greater level of utility?

4. किस बाजार में फर्म, कीमत स्वीकारक होती हैं? 1
In which market, firms are price-takers?

5. सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण से आप क्या समझते हैं? 2
What do you understand by positive economic analysis?

6. सीमान्त लागत किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2
What is Marginal Cost? Clarify.

7. एक फर्म की कुल स्थिर लागत (TFC) से आप क्या समझते हैं? 2
What do you understand by the Total Fixed Cost (TFC) of a firm?

8. 'निम्नतम निर्धारित कीमत' क्या है? उदाहरण भी दीजिये। 2
What is 'Price Floor'? Give an example also.

9. एक आगत का कुल उत्पाद, औसत उत्पाद व सीमांत उत्पाद क्या होता है? 3
What is the total product, average product and marginal product of an input?

10. दो अनधिमान वक्र एक दूसरे को क्यों नहीं काटते हैं? चित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिये। 3
Why do two indifference curves not intersect each other? Explain with the help of a diagram.

11. माँग की कीमत लोच को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं? उल्लेख कीजिए। 3
What are the factors affecting price elasticity of demand? Mention.

12. किसी वस्तु की माँग के निर्धारक क्या होते हैं? समझाइये। 5
What are the determinants of demand of a commodity? Explain.

अथवा/OR

बजट सेट एवं बजट रेखा क्या हैं? बजट रेखा की प्रवणता नीचे की ओर क्यों होती है?
What are budget set and budget line? Why the budget line is downward sloping?

13. पूर्ति वक्र में शिफ्ट का संतुलन कीमत तथा मात्रा पर क्या प्रभाव होता है? रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिये। 5
What is the impact of shift in supply curve on equilibrium price and quantity? Explain with the help of diagrams.

14. पूर्ण प्रतियोगिता में बाजार सन्तुलन कैसे निर्धारित होता है? 5
How is market equilibrium determined in perfect competition?

अथवा/OR

एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में किसी फर्म के पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्व क्या होते हैं?
What are the determinants of a firm's supply curve in a perfectly competitive market?

खण्ड – ब (Section — B)

15. (क) अर्थव्यवस्था को परिवार, फर्म, सरकार व बाह्य क्षेत्रक के संयोग के रूप में देखा जाता है- 1

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में

(ii) समष्टि अर्थशास्त्र में

(iii) केवल विकसित देशों में

(iv) इनमें से कोई नहीं

An economy is seen as a combination of households, firms, government and external sector in-

(i) Microeconomics

(ii) Macroeconomics

(iii) Developed countries only

(iv) None of these

(ख) यदि एक पैन का मूल्य 20 रूपये है तो एक रूपये का मूल्य होगा- 1

(i) 1 पैन (ii) 20 पैन

(iii) 0.5 पैन (iv) 0.05 पैन

If the price of a pen is Rs. 20, then one rupee will be worth-

(i) 1 pen (ii) 20 pen

(iii) 0.5 pen (iv) 0.05 pen

(ग) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान होता है- 1

(i) $\frac{\Delta C}{\Delta y}$ (ii) $\frac{C}{y}$

(iii) $\frac{y}{C}$ (iv) इनमें से कोई नहीं

The value of Marginal Propensity to Consume (MPC) is-

(i) $\frac{\Delta C}{\Delta y}$ (ii) $\frac{C}{y}$

(iii) $\frac{y}{C}$ (iv) None of these

(घ) आय का वह भाग जो उपभोग के बाद शेष रहता है, कहलाता है- 1

(i) गुणक (ii) ब्याज

(iii) सकल व्यय (iv) बचत

The part of income left after consumption is called-

(i) Multiplier (ii) Interest

(iii) Gross expenditure (iv) Savings

(ङ) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सामान्यतः स्वीकार की जाती है- 1

(i) अस्थिर क्रय शक्ति वाली करेंसी
(ii) स्थिर क्रय शक्ति वाली करेंसी
(iii) केवल स्वर्ण
(iv) केवल वस्तु विनिमय

Generally accepted at international level-

(i) currency with unstable purchasing power
(ii) currency with stable purchasing power
(iii) only gold
(iv) only barter system

16. अन्तिम वस्तुओं को किन दो भागों बाँटा जा सकता है? 1
In which two parts can final goods be divided?

17. मालसूची में परिवर्तन को क्या कहा जाता है? 1
What is the change in inventory called?

18. भारत सरकार का 'वार्षिक वित्तीय ब्यौरा' (बजट), भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद (धारा) के अनुसार संसद में प्रस्तुत होता है? 1
According to which article of the Constitution of India, the Annual Financial Statement (Budget) of the government of India is presented before the parliament?

19. 'वैधानिक पत्र' क्या है? इसका महत्व बताइये, 2
What is a 'legal tender'? Give its importance.

20. प्रत्याशित निवेश क्या है? 2
What is ex-ante investment?

21. समस्त माँग से क्या तात्पर्य है? 2
What is the meaning of Aggregate Demand?

22. स्थिर विनिमय दर के गुण बताइये। 2
State the merits of fixed exchange rate.

23. मौद्रिक तथा वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को उदाहरण सहित समझाइए। 3
Describe the Nominal and Real GDP with example.

24. भारतीय रिजर्व बैंक, मुद्रा की पूर्ति को किन तरीकों से नियंत्रित करता है? 3
What methods does Reserve Bank of India use to control the supply of money?

25. स्वतंत्र बाजार में विदेशी विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है? समझाए। 3
How is foreign exchange rate determined in a free market? Explain.

26. आय के चक्राकार (वर्तुल) प्रवाह को रेखाचित्र सहित समझाइये। 5
Explain the circular flow of income with figure.

अथवा/OR

राष्ट्रीय आय के अध्ययन का महत्व स्पष्ट कीजिये।
Explain the importance of the study of National Income.

27. अतिरिक्त माँग तथा न्यून माँग की समस्याओं को ठीक करने के क्या उपाय हैं? उल्लेख कीजिए। 5

What are the measures to correct the problems of excess demand and deficient demand? Mention.

अथवा/OR

अनैच्छिक बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? अनैच्छिक बेरोजगारी को दूर करने के उपाय बताइये।
What do you understand by involuntary unemployment? Give suggestions to eliminate involuntary unemployment.

28. भारत सरकार के बजट-सार से ली गई राजस्व प्राप्तियों के आंकड़ों को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
Carefully read the data of revenue receipts, taken from the budget summary of Government of India, and answer the questions given below.

(₹ करोड़ में) (In ₹ crore)

	2022-2023 वास्तविक Actuals	2023-2024 बजट अनुमान Budget Estimates	2023-2024 अनंतिम वास्तविक[1] Provisional Actuals[1]	2024-2025 बजट अनुमान Budget Estimates
राजस्व प्राप्तियाँ Revenue Receipts				
1. **कर राजस्व Tax Revenue**				
सकल कर राजस्व Gross Tax Revenue	**3054192**	**3360858**	**3464792**	**3840170**
(क) निगम कर Corporation Tax	825834	922675	911055	1020000
(ख) आय पर कर Taxes on Income	833260	900575	1044726	1187000
(ग) धन कर Wealth Tax	-9	...	...	...
(घ) सीमा शुल्क Customs	213372	233100	233067	237745
(ङ) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क Union Excise Duties	319000	339000	305330	319000
(च) सेवा कर Service Tax	431	500	424	100

(छ)	जीएसटी GST	849133	956600	957032	1061899
	केन्द्रीय जीएसटी CGST	718523	811600	820622	910890
	आईजीएसटी IGST	4748	...	-5026	...
	जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर GST Compensation Cess	125862	145000	141436	151009
(ज)	संघ राज्य क्षेत्रों का कर Taxes of Union Territories	8711	8408	...	9426
(झ)	अन्य कर Other Taxes	4460	...	13158	5000

(i) बजट अनुमान 2024-25 में, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में वर्ष 2022-23 के वास्तविक प्राप्तियों की अपेक्षा कितनी वृद्धि अनुमानित है? 1

How much increase is estimated in Union Excise Duties, in the budget estimates of year 2024-25, as compared to actual receipts of year 2022-23?

(ii) दिये गये आंकड़ों में, वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान में, सकल कर राजस्व के अन्तर्गत सर्वाधिक कर किससे प्राप्त होगा? 1

According to given data, what is the highest tax receipt in gross tax revenue of the budget estimates of the year 2024-25?

(iii) बजट अनुमान 2023-24 की अपेक्षा, बजट अनुमान 2024-25 में सेवाकर में कितनी कमी आयी है? 1

How much is the reduction in service tax in budget estimates 2024-25 as compared to the budget estimates of year 2023-24?

(iv) बजट अनुमान 2023-24 की अपेक्षा, बजट अनुमान 2024-25 में, सकल कर राजस्व में कितने प्रतिशत वृद्धि है? 2

What is the percentage increase in Gross Tax Revenue of budget estimates 2024-25 as compared to budget estimates 2023-24?

*****